## बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त ।

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में सोमवार, तिथि ५ दिसम्बर १९६० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ ।

श्री दीप नारायण सिंह—महाशय, मैं द्वितीय बिहार विधान-सभा के सप्तम् सत्र (फरवरी, जून, १९६०) के शेष ५०१ प्रश्नों में से १५७ प्रश्नों के उत्तर सभा की मेज पर रखता हूं । शेष प्रश्नों के उत्तर सचिवालय के विभागों से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराये जायेंगे ।

### सूची ।

| क्रम सं० । | सदस्य का नाम । | प्रश्न संख्या । |
|---|---|---|
| १ | श्री सभापति सिंह .. .. .. | ७८, ११५, ११७, १२०, १३६, १९३, २२० । |
| २ | श्री हरि चरण सोय.. .. .. | ७९, १३०, १८९, १९०, २०३, २१२ । |
| ३ | श्री रसिक लाल यादव .. .. | ८०, १०३ । |
| ४ | श्री सुपाई मुर्मु .. .. .. | ८१, ९९, १०९, १०२, १३१, १३२, १५२, १७२, १९५, १९९, २०८, २११, २१४ । |
| ५ | श्री देवनन्दन प्रसाद.. .. .. | ८२, ८५, १०६, १५८, २२८ । |

श्री भोला पासवान—बरखोधा में छात्रावास निर्माण हेतु ६२,०५० रुपये एवं हवेली खड़गपुर के लिये चालू वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में ३५,००० रुपये आवंटित किये गये हैं।

---

स्कूलों में ही छात्रवृत्ति का भुगतान।

२०८। श्री सुपाई मुरमू—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि जिला संताल परगना ब्लौक सिकारीपाड़ा के अंदर छात्रवृत्ति पाने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पाने के लिये ब्लॉक आफिस सिकारीपाड़ा में ही जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है ;

(२) क्या यह बात सही है कि ब्लौक आफिसर को स्कूलों में ही जाकर छात्रवृत्ति पेमेन्ट करने का नियम है ;

(३) यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर हां में है तो क्या सरकार छात्रवृत्ति का पेमेन्ट स्कूलों में ही किये जाने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि 'नहीं' तो क्यों ?

श्री भोला पासवान—(१) रुपये की शीघ्र चुकती के लिये निकटवर्त्ती स्कूलों के छात्रों को प्रखंड कार्यालय में ही बुला लिया गया था किन्तु दूर के स्कूलों में वहां जाकर ही भुगतान किया गया है।

(२) ऐसा कोई नियम नहीं है, किन्तु लड़कों की सुविधा पर ध्यान रखने का अवश्य अनुदेश है।

(३) इस सम्बन्ध में विस्तृत आदेश दे दिये गये हैं।

---

INDUSTRIAL LOANS TO SCHEDULED TRIBES.

209. Shri SHATRUGHAN BESRA : Will the Minister incharge Welfare Department be pleased to state—

(1) the amount of allotment of loans for industries to Scheduled Tribes during the 2nd Five-Year Plan ;

(2) the amount of expenditure so far made in this respect ;

(3) the amount paid in this respect in Jamtra Nala and Kundahit Police-Stations in the district of Santhal Parganas ;

(4) the names of persons to whom paid ?

श्री भोला पासवान—(१) द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में ४,००,०००) रुपये का उपबन्ध अनुसूचित जन-जातियों को गृह उद्योग के अन्तर्गत ऋण देने के लिये था लेकिन १९६०-६१ से यह योजना कल्याण विभाग द्वारा स्थगित कर दी गयी है और इसके लिये कल्याण विभाग ने इस साल के बजट में कोई उपबन्ध नहीं किया है क्योंकि उद्योग विभाग के बजट में ही इसके लिये पर्याप्त उपबंध है।

(२) वित्तीय साल १९५९-६० तक इस मद में खर्च यों है—

| वर्ष | | रु० |
|---|---|---|
| १९५६-५७ .. | .. | ४४,९१० |
| १९५७-५८ .. | .. | ४२,१२५ |
| १९५८-५९ .. | .. | ४५,२६५ |
| १९५९-६० .. | .. | २७,२०० |
| कुल— .. | .. | १,५९,५०० |

(३) संताल परगना के जामताड़ा, नाला और कुण्डाहित थानों में द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में निम्नलिखित राशि खर्च हुई है :—

| | | | रु० |
|---|---|---|---|
| जामताड़ा | .. | .. | ७८५ |
| कुण्डाहित | .. | .. | १,०२५ |
| नाला | .. | .. | कुछ नहीं। |

(४) सूची नीचे प्रस्तुत है—

सूची।

१९५६-५७

| | | | |
|---|---|---|---|
| १। जामताड़ा थाना .. | (१) श्री मगरा मोहीली | .. | मोहनपुर। |
| | (२) श्री कालू मोहीली | .. | " |
| | (३) श्री दुखू मोहीली | .. | " |
| | (४) श्री भूखर मोहीली | .. | " |
| | (५) श्री रवारी मोहीली | .. | " |
| | (६) श्री भूवद मोहीली | .. | " |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (७) श्री सावना मोहीली .. | रानीडीह |
| | | (८) श्री रसिक मोहीली .. | " |
| | | (९) श्री रतन मोहीली .. | " |
| | | (१०) श्री झुट्टु मोहीली .. | " |
| | | (११) श्री दामो मोहीली .. | " |
| | | (१२) श्री महावीर मोहीली .. | " |
| | | (१३) श्री ललन मोहीली .. | " |
| | | (१४) श्री जितन मोहीली .. | " |
| | | (१५) श्री कुयु मोहीली .. | " |
| २। कुण्डाहित थाना | .. | (१६) श्री सुपल मुर्मु .. | दोमाहनी। |
| | | (१७) श्री मोहन टुडू .. | " |
| | | (१८) श्री बरमा होवरम .. | कतेपुर। |
| | | (१९) श्री गनेश हंसदा .. | बोरोबाद। |
| | | (२०) श्री काली मास मरण्डी .. | " |
| ३। बाबा थाना | .. | शून्य .. | .. |

श्री नक्वी के आवेदन-पत्र पर विचार।

२१०। श्री वाल्मेश्वर राम—क्या मंत्री, उत्पाद विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि उत्पाद निरीक्षक श्री एस० ए० ए० नकवी ने अपने पद की पुनः प्राप्ति के लिये आवेदन किया है;

(२) क्या यह बात सही है कि श्री नकवी से सर्वश्री रवि किशोर नारायण, जयचन्द सिंह, कमलेश्वरी प्रसाद सिंह तथा चन्द्रदेव नारायण सिंह के पदों की संपुष्टि (कन्फमेशन) पहले हुई है और ग्रेडेशन लिस्ट में इन चारों व्यक्तियों के नाम पहले हैं साथ ही लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर मंत्रिमंडल द्वारा इन चारों व्यक्तियों को सीनियरिटी भी अनुमोदित हो चुकी है।

(३) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपरोक्त पांचों व्यक्तियों ने किस-किस वर्ष में विभागीय परीक्षा पास किया तथा किस तारीख को उनकी सर्विस कन्फर्म हुई तथा सीनियरिटी का क्रम कैसे निर्धारित किया गया है;

(४) सरकार श्री नकवी के आवेदन-पत्र पर क्या कारवाई करना चाहती है?

श्री खोखा पासवान—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।